हारे का साथी खाटू नरेश

हारे का साथी खाटू नरेश,
करता कृपा भक्तों पर विशेष,
बड़ा दिलवाला है, मेरा साँवरिया,
नीले घोड़े वाला है, मेरा साँवरिया।।

दिल में जो भी इनकी,
प्यारी सूरत बसाकर है रखता,
साँवरा भी उसको,
सीने से लगाकर है रखता,
कलयुग में सबसे ये,
देवता निराला है, मेरा साँवरिया,
बड़ा दिलवाला है, मेरा साँवरिया,
नीले घोड़े वाला है, मेरा साँवरिया।

माँगने से पहले,
श्याम भक्तों का दामन है भरता,
जो भी होती दिल में,
सारी इच्छाएं पूरी है करता,
प्रेमी की किस्मत का,
खोले बंद ताला है, मेरा साँवरिया,
बड़ा दिलवाला है, मेरा साँवरिया,
नीले घोड़े वाला है, मेरा साँवरिया।

बाँध ली है जिसने,
श्याम चरणों से जीवन की डोरी,
साँवरे ने उसकी,
डोर जन्मों जन्म नहीं छोड़ी,
चौखानी अपना तो,
एक रखवाला है, मेरा साँवरिया,
बड़ा दिलवाला है, मेरा साँवरिया,
नीले घोड़े वाला है, मेरा साँवरिया।

हारे का साथी खाटू नरेश,
करता कृपा भक्तों पर विशेष,
बड़ा दिलवाला है, मेरा साँवरिया,
नीले घोड़े वाला है, मेरा साँवरिया......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23714/title/haare-ka-saathi-khatu-naresh

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |